भर्ती हेतु सूचना

परामर्शदाता– स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी (स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन)

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है। एनएचएसआरसी का कार्य विभिन्न प्रभागों, यथा– सामुदायिक प्रक्रियाएं, गुणवत्ता सुधार, जन स्वास्थ्य प्रशासन, स्वास्थ्य सेवाओं का वित्तपोषण, स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन में वितरित किया गया है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर संविदा में उल्लिखित अवधि के लिए परामर्शदाता, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन की भर्ती करने का इच्छुक है।

भूमिकाएं एवं दायित्वः

- स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकियों पर साहित्य की समीक्षा करना।
- परीक्षणों, अध्ययनों और उत्पाद पैकेज के प्रकाशित डेटा के आधार पर प्रौद्योगिकियों की प्रभाविता संबंधी जानकारी एकत्र करना।
- अनुसंधान के लिए आदर्श मानदंड तैयार करना और प्राथमिक डेटा संग्रह करना।
- प्रौद्योगिकी की लागतों एवं मूल्य निर्धारण पर आंकड़ा विश्लेषण/बाजार अनुसंधान करना।
- द्वितीयक साहित्य के आधार पर प्रौद्योगिकियों के सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा करना।
- स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकियों के कानूनी, नैतिक और सामाजिक प्रभावों की समीक्षा करना।
- स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन रिपोर्टें लिखना।
- प्रभाग में या कार्यकरी निदेशक, एनएचएसआरसी द्वारा समय–समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्य करना।

योग्यताएं और अनुभवः

- इंजीनियरिंग/जैव विज्ञान/चिकित्सा/नैदानिक अनुसंधान में स्नातक उपाधि। सुसंगत विषय में स्नातकोत्तर उपाधि वांछनीय है।
- सुव्यवस्थित समीक्षा और सस्ती स्वास्थ्य सेवा के मॉडल तैयार करने सहित स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी के मूल्यांकन का प्रशिक्षण/अनुभव।
- स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी के मूल्यांकन या आर्थिक मूल्यांकन के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य या प्रकाशित अध्ययनों/उपकरणों के परीक्षण का मेटा विश्लेषण वांछनीय है।
- स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी की मूल्यांकन रिपोर्टों के संकलन का पूर्व अनुभव वांछनीय है।
- एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट जैसे आम तौर पर प्रयोग किए जाने वाले पैकेजों और सुसंगत डेटा एवं दस्तावेजों को तलाशने हेतु वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता।
- अच्छा संप्रेषण तथा प्रस्तुति कौशल, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।
- स्वास्थ्य प्रणालियों के विकास संबंधी जानकारी वांछनीय है।
- तकनीकी सूचना एकत्र करने के लिए राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और उस सूचना को एक अनुसंधान साक्ष्य के रूप में संकलित/परिवर्तित करने की योग्यता।

उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशित कार्य या विशिष्ट सुसंगत कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः अधिकतम 40 वर्ष (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को)।
कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने का इच्छुक
पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 44,000/— रु. से 99,000/— रु. के बीच

योग्यता एवं अनुभव के आधार पर पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **3rd July 2019** तक recruitment.hct.nhsrc@gmail.com पर ई—मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।